4) समलंब चतुर्भुज के समांतर भुजाओं के समांतर रेखा असमांतर भुजाओं को समान अनुपात में बाँटती हैं ।




AD || EF || BC तो

$$\frac{AE}{EB} = \frac{DF}{FC}$$

5) समलम्ब समद्विबाहु चतुर्भुज (Isosceles trapezium) के विकर्ण बराबर होते हैं ।




यदि AD | | BC & AB = CD तो
AC = BD

6) समलम्ब समद्विबाहु चतुर्भुज के प्रत्येक समांतर भुजाओं से जुड़े लगातार कोण (consecutive angles along each parallel sides) बराबर होते हैं ।




$\angle B = \angle C$ & $\angle A = \angle D$

7) समलम्ब समद्विबाहु चतुर्भुज के प्रत्येक विपरीत कोण के युग्म सम्पूरक होते हैं ।




$\angle A + \angle C = \angle B + \angle D = 180^0$

8) समलम्ब समद्विबाहु चतुर्भुज के शीर्ष एकवृत्तीय (Concyclic) होते हैं ।

9) समलम्ब चतुर्भुज का क्षेत्रफल =

$\frac{1}{2}$ (समांतर भुजाओं का योग) x ऊँचाई

## <u>CIRCLE</u> (वृत्त )

वृत एक ऐसा बन्द वक्र है जिसपर स्थित प्रत्येक बिन्दु एक स्थिर बिन्दु *(Fixed Point)* से समान दूरी पर स्थित होता है। यह स्थिर बिन्दु *(Fixed point)* वृत्त का केन्द्र *(Centre of circle)* कहलाता है।




**वृत्त से सम्बन्धित शब्द**
**(Terms related to Circle)**

1) **त्रिज्या (Radius) :** वृत्त के केन्द्र एवं परिधि पर के बिन्दु को जोड़ने वाली रेखा त्रिज्या कहलाती है।




2) **जीवा (Chord) :** वृत्त के परिधि पर स्थित किसी दो बिन्दु को जोड़ने वाली रेखा जीवा कहलाता है।




3) **व्यास (Diameter)** वृत्त के केन्द्र गुजरने वाली जीवा व्यास कहलाता है। व्यास सबसे बड़ी जीवा होती है।




4) **चाप (Arc of a circle) :** वृत्त का एक खंड चाप कहलाता है।



चाप को घड़ी के विपरीत दिशा में (counter clock wise) निरूपित किया जाता है।

लघु चाप (Minor arc) : - $\overparen{AB}$

दीर्घ चाप (Major arc) : - $\overparen{BA}$

5) **सकेन्द्रिय वृत्त (Concentric Circles):** यदि दो या दो से अधिक वृत्तों के समान केन्द्र हो तो ये वृत्त सकेन्द्रिय वृत्त कहलाते हैं ।



6) **प्रतिच्छेदी रेखा (Secant of a circle) :** प्रतिच्छेदी रेखा एक ऐसी सरल रेखा जो वृत्त को किन्हीं दो बिन्दुओं पर प्रतिच्छेद करें प्रतिच्छेदी रेखा कहलाती है।



7) **र्स्पशरेखा (Tangent of a circle):** एक ऐसी रेखा जो वृत्त को केवल एक ही बिन्दु पर स्पर्श करें स्पर्श रेखा कहलाती है।



8) **अर्द्धवृत्त (Semicircle) :** किसी वृत्त का व्यास परिधि को दो समान चाप में विभाजित करता है और प्रत्येक चाप अर्द्धवृत कहलाता है।



9) **त्रिज्यखण्ड (Sector of a circle) :** दो त्रिज्या एवं एक चाप के द्वारा घिरे भाग को त्रिज्यखण्ड कहते हैं ।




10) **वृत्तखण्ड (Segment of a circle) :** एक जीवा एवं एक चाप के द्वारा घिरे भाग को वृत्तखण्ड कहते हैं ।




11) **केन्द्रीय कोण (Central Angle) :** किसी चाप या जीवा के द्वारा केन्द्र पर बनाया गया कोण केन्द्रीय कोण कहलाता है।



12) **परिधि कोण (Inscribed Angle) :** किसी चाप या जीवा के द्वारा परिधि पर बनाया गया कोण परिधि कोण कहलाता है।



**<u>वृत्त से संबंधित प्रमेय</u>**

(Properties related to Circle)

*1.* यदि किसी वृत्त के दो चाप सर्वांगसम हो तो उसके संगत जीवा समान होंगें ।




If $\overparen{AB} = \overparen{CD}$ then AB = CD

*2.* वृत्त के केन्द्र से जीवा पर डाला गया लम्ब जीवा को समद्विभाजित करता है।




यदि $OL \perp PQ$ तो PL = LQ

3. वृत्त के  केन्द्र और जीवा के मध्य बिन्दु को मिलाने वाली रेखा जीवा पर लम्ब होती है।

4. किसी जीवा का लम्ब समद्विभाजक केन्द्र होकर गुजरती है।

5. दो या दो से अधिक जीवाओं का लम्ब समद्विभाजक एक दूसरे को केन्द्र पर काटता है।

6. यदि दो वृत्त एक-दूसरे को दो बिन्दुओं पर प्रतिच्छेद करें तो उनके केन्द्रों से होकर जाने वाली रेखा उभयनिष्ठ जीवा का लम्ब समद्वि भाजक होता है।




$AC = BC$ and $OC \perp AB$

7. यदि दो वृत्त एक दूसरे को प्रतिच्छेद करें एवं एक-दूसरे के केन्द्र होकर गुजरे तो दोनों वृत्त सर्वांगसम होंगें अर्थात् उनकी त्रिज्याएँ समान होगी ।




8. यदि दो वृत्त एक दूसरे को प्रतिच्छेद करें एवं एक दूसरे के केन्द्र होकर गुजरे तो उनके उभयनिष्ठ जीवा की लम्बाई $\sqrt{3}r$ होगी।




$PQ = \sqrt{3}\ r$

9. दो समांतर जीवाओं का समद्विभाजक केन्द्र होकर गुजरती है।

10. यदि किसी वृत्त का व्यास दो जीवाओं को समद्विभाजित करे तो दोनों जीवाएँ समांतर होगी ।

11. यदि दो वृत्त एक दूसरे को प्रतिच्छेद करें तो उनके केन्द्रों को जोड़ने वाली रेखा प्रतिच्छेद बिन्दु पर समान कोण बनाती है।




$\angle ACB = \angle ADB$

12. समान लंबाई की दो जीवाएँ केन्द्र से समान दूरी पर स्थित होती है।

13. यदि दो जीवाएँ केन्द्र से समान दूरी पर स्थित हो तो दोनों जीवाएँ की लम्बाई समान होगी ।

14. एक वृत्त की समान जीवाएँ केन्द्र पर समान कोण बनाती है।




If $AB = CD$ then $\angle AOB = \angle COD$

15. यदि एक वृत्त की दो जीवाएँ केन्द्र पर समान कोण बनाती है, तो जीवाएँ समान (बराबर) होगी ।

16. यदि दो जीवाएँ लम्बाई असमान होगी तो बड़ी जीवा केन्द्र के ज्यादा नजदीक होगी ।

17. यदि दो जीवाएँ एक दूसरी को प्रतिच्छेद करें एवं वे उनके प्रतिच्छेद बिन्दु से होकर जाने वाली व्यास के साथ समान कोण बनाये तो दोनों जीवाएँ की लम्बाई समान होगी एवं उनके टुकड़ों की भी लम्बाई समान होगी ।




$AB = AC$




$AB = CD$
$AP = CP$
$PD = PB$




*AB = CD*
*AP = CP*
*BP = DP*

18. यदि दो जीवाएँ एक दूसरे को समद्विभाजित करे तो दोनों जीवाएँ व्यास होगी ।

19. एक चाप द्वारा केन्द्र पर अंतरित कोण वृत्त के शेष भाग के किसी बिन्दु पर अंतरित कोण का दुगुना होता है।




20. एक ही वृत्तखंड के कोण बराबर होते हैं ।




21. अर्द्धवृत्त का कोण समकोण होता है।




22. किसी जीवा के द्वारा छोटे वृत्तखण्ड में बनाया गया कोण अधिकोण एवं बड़े वृत्तखंड में बनाया गया कोण न्यूनकोण होता है।




23. यदि दो बिन्दुओं को मिलानेवाला रेखाखण्ड दो अन्य बिन्दुओं पर जो इस रेखाखण्ड के एक ही ओर स्थित हो, समान कोण अंतरित करता हो तो ये चार बिन्दु एक वृत्तीय होते हैं ।




*A, P, B, Q* एकवृत्तीय *(Concyclic)* है।

24. यदि दो जीवा एक दूसरे को वृत्त के अन्दर या बाहर प्रतिच्छेद करे तो उनके खण्डों *(segment)* का गुणनफल समान होता है।




*PA x PB = PC x PD*




*PA x PB = PC x PD*

25. यदि दो वृत्त एक दूसरे को स्पर्श करे तो स्पर्श बिन्दु से होकर गुजरने वाली रेखा जो दोनों वृत्तों को स्पर्श करें, उस रेखा को स्पर्श बिन्दु उनके त्रिज्याओं के अनुपात में विभाजित करती है।




$$\frac{PA}{PB} = \frac{r1}{r2}$$

26. दो समान जीवाएँ *AB* तथा *CD* को जब बढ़ाया जाता है तो वह एक दूसरे को *P* बिन्दु पर काटती है तो *BE = DE* और *AE = CE*




यदि *AB = CD*, तो *BE= DE* और *AC = CE*

*27.* यदि दो जीवा एक दूसरे को प्रतिच्छेद करे तो उनके द्वारा प्रतिच्छेद बिन्दु पर बनाया गया कोण –




$x = \frac{1}{2}$ X (चाप *AC* के द्वारा केन्द्र पर बनाया गया कोण – चाप *BD* के द्वारा केन्द्र पर बनाया गया कोण *)*




$x = \frac{1}{2}$ *(* चाप *AC* के द्वारा केन्द्र पर बनाया गया कोण + चाप *BD* के द्वारा केन्द्र पर बनाया गया कोण *)*

## चक्रीय चतुर्भुज ( Cyclic Quadrilateral)

*Cyclic quadrilateral (* चक्रिय चतुर्भुज *) :* ऐसा चतुर्भुज जिसके सभी चार शीर्ष एक वृत्त पर स्थित हो चक्रिय चतुर्भुज कहलाता है।




1. प्रत्येक विपरीत कोण के युग्म का योगफल $180^0$ होता है।




$\angle A + \angle C = 180^0$ और $\angle B + \angle D = 180^0$

2. यदि किसी चतुर्भुज के प्रत्येक विपरीत कोण के युग्म का योगफल $180^0$ हो तो वह चतुर्भुज चक्रिय चतुर्भुज होगा ।
3. यदि किसी चक्रिय चतुर्भुज के एक भुजा को बढ़ाया जाय तो उससे बना बहिष्कोण उसके विपरीत अंतःकोण के बराबर होता है।




$\angle CDE = \angle A$

4. किसी चक्रीय चतुर्भुज के कोणों के अर्द्धकों के द्वारा बना चतुर्भुज भी चक्रीय होता है।




PQRS एक चक्रीय चतुर्भुज है।

5. यदि किसी चक्रीय चतुर्भुज के दो भुजा समांतर हो तो शेष दोनों भुजा की लंबाई समान होगी एवं विकर्ण की भी लंबाई समान होगी ।
6. यदि किसी चक्रिय चतुर्भुज के दो विपरीत भुजाओं की लंबाई समान होगी तो शेष दोनों भुजा समांतर होगी ।
7. चक्रीय चतुर्भुज PQRS में दो विपरीत कोण, $\angle P$ और $\angle R$ के अर्द्धक वृत्त को दो बिन्दुओं A तथा B पर काटे तो रेखाखण्ड AB वृत्त का व्यास होगा ।




8. चक्रीय चतुर्भुज के सभी चार वृत्तखण्डों के कोणों का योगफल 6 समकोण के बराबर होता है।




$\angle A + \angle B + \angle C + \angle D = 90^0 \times 6 = 540^0$

9. ABCD एक चक्रिय चतुर्भुज है। यदि भुजा AB और DC को बढ़ाया जाय ताकि वे एक दूसरे को E पर काटे तो $\Delta EBC \sim \Delta EDA$ .




10. AB वृत्त का व्यास है तथा जीवा CD की लंबाई त्रिज्या के बराबर है । AC और BD को बढ़ाने पर वे एक दूसरे को P पर काटते हैं तो $\angle APB = 60^0$




**स्पर्श रेखा एवं उसके गुण**
(Tangent And Its Properties)

1) वृत्त के किसी बिन्दु पर की स्पर्श रेखा, स्पर्श बिन्दु प खींची गई त्रिज्या पर लम्ब होती है।




$OP \perp AB$

2) वह रेखा जो त्रिज्या के छोर बिन्दु (end point) से होकर जाती है और इस पर (त्रिज्या) लम्ब है, वृत्त की स्पर्श रेखा होती है।

3) वृत्त के किसी एक बिन्दु पर एक एवं केवल एक स्पर्श रेखा खींची जा सकती है।

4) किसी स्पर्श रेखा के स्पर्श बिन्दु पर डाला गया लम्ब वृत्त के केन्द्र होकर गुजरता है।

5) यदि दो वृत्त एक-दूसरे को स्पर्श करें तो उनके स्पर्श बिन्दु उनके केन्द्रों को जोड़ने वाली रेखा पर स्थित होता है।



6) वृत्त के बाहर स्थित किसी एक बिन्दु से दो स्पर्श रेखाएँ खींची जा सकती है और इन दोनों स्पर्श रेखाओं की लम्बाई समान होती है।




PA = PB

7)




(i) PA = PB

(ii) $\Delta PAO \cong \Delta PBO$

(iii) $\angle P + \angle O = 180^0$

(iv) PO $\angle P$ एवं $\angle O$ का द्विभाजक है।

(v) OP, AB का लम्ब समद्विभाजक है।

(vi) $\overset{\frown}{AB} < \overset{\frown}{BA}$

8) किसी वृत्त की स्पर्श रेखा द्वारा बनाया गया एकान्तर वृत्तखण्ड का कोण समान होता है।




$\angle QPB = \angle PSQ$ & $\angle QPA = \angle PTQ$




$\angle APX = \angle PYX$ & $\angle BPY = \angle PXY$

9) यदि एक जीवा एवं एक स्पर्श रेखा वृत्त के बाहर एक दूसरे को प्रतिच्छेद करे तो जीवा के खण्डों (segments of chord) का गुणनफल स्पर्श रेखा के वर्ग के बराबर होता है।




$PR \times RQ = TR^2$

10) यदि दो वृत्त एक दूसरे को बाह्यत: स्पर्श करे तो स्पर्श बिन्दु से गुजरने वाली रेखा के अंत बिन्दुओं पर खींची गई स्पर्श रेखाएँ समांतर होती है।




AB | | CD

11) एक वृत्त के परिगत खींचे गये चतुर्भुज के सम्मुख भुजाओं का योग बराबर होता है।




AB + DC = BC + DA

Area = $\sqrt{s(s-a)(s-b)(s-c)(s-d)}$

12) यदि एक वृत्त त्रिभुज ABC के भुजा BC को P बिन्दु पर स्पर्श करता है एवं भुजा AB तथा AC को बढ़ाने पर Q तथा R पर स्पर्श करता है तो AQ = $\frac{1}{2}$ ( $\Delta$ABC का परिमाप)




13) यदि बिन्दु T से O केन्द्र वाले एक वृत्त के दो बिन्दुओं P तथा Q पर स्पर्श रेखाएँ TP तथा TQ खींची गई हो तो $\angle PTQ = 2 \angle OPQ$ .




14)




यदि AB | | CD तो $\angle EOF = 90^0$

15) वृत्त के व्यास के दोनों अंत बिन्दु पर खींची गई स्पर्श रेखा समांतर होती है।




PQ | | RS

16) दो वृत्तों की उभयनिष्ठ स्पर्श रेखाएँ (Common tangent of two circles)



एक भी उभयनिष्ठ स्पर्श रेखा नहीं



एक उभयनिष्ठ स्पर्श रेखा



दो उभयनिष्ठ स्पर्श रेखा



तीन उभयनिष्ठ स्पर्श रेखा



चार उभयनिष्ठ स्पर्श रेखा

17) दो वृत्तों के दो उभयनिष्ठ अनुस्पर्श रेखाएँ (Direct common tangents) की लम्बाई समान होती है।




AB = CD

18) उभयनिष्ठ अनुस्पर्श रेखा की लम्बाई (Length of direct common tangent) = $\sqrt{d^2 - (r_1 - r_2)^2}$ ,

d = केन्द्रों के बीच की दूरी

19) दो वृत्तों के दो उभयनिष्ठ अनुप्रस्थ स्पर्श रेखाओं (Transverse common tangents) की लम्बाई समान होती है।




AB = CD

20) उभयनिष्ठ अनुप्रस्थ स्पर्श रेखा की लम्बाई (Length of transverse common tangents) = $\sqrt{d^2 - (r_1 + r_2)^2}$

21) दो वृत्तों के उभयनिष्ठ अनुप्रस्थ रेखाओं की प्रतिच्छेद बिन्दु उनके केन्द्रों को जोड़ने वाली रेखा पर स्थित होता है।



22)




(i) AB = CD = EF

(ii) AE = EB = EG = GF = CF = FD

23)




$\angle ACB = 90^0$

# अभ्यास प्रश्न

1. चित्र में OS रेखा PQ पर स्थित है तथा OR और OT ∠POS और ∠SOQ को समद्विभाजित करता है। यदि ∠POS = $x$ तो ∠SOQ का मान ज्ञात करें।




(A) $90° - x$ (B) $80° - \angle POR$
(C) $180° - 2\angle POR$ (D) $90° - \angle POR$

2. ऊपर दिए गए चित्र में ∠ROT का मान ज्ञात करें ?
(A) $180° - x$ (B) $90^0 - x$
(C) 90° (D) $\frac{x}{2}$

3. निम्न त्रिभुज में DE∥BC और $\frac{AD}{DB} = \frac{3}{5}$ है। यदि AC = 5. 6 सेमी हो तो AE = ?




(A) 4.1 सेमी (B) 2.1 सेमी
(C) 2.3 सेमी (D) 4.8 सेमी

4. निम्न चित्र में AD कोण ∠A को समद्विभाजित करता है। यदि BD = 4 सेमी, DC = 3 सेमी और AB = 6 सेमी हो, तो AC का मान ज्ञात करें।




(A) 3.5 सेमी (B) 4.0 सेमी
(C) 12 सेमी (D) 4.5 सेमी

5. दिए गए चित्र में AB ∥ CD, CD∥EF और Y : Z = 3 : 7 है, तो $x$ का मान ज्ञात करें।




(A) 110° (B) 126°
(C) 140° (D) 150°

6. दिये गये चित्र में यदि PQ∥ST, ∠PQR =110° और ∠RST = 130° तो ∠QRS का मान होगा-




(A) 40° (B) 50°
(C) 60° (D) 70°

7. दिये गये चित्र में XY और MN एक-दूसरे को बिन्दु O पर प्रतिच्छेदित करता है। यदि ∠POY = 90° और $a : b = 2 : 3$ तो C का मान ज्ञात करें।




(A) 113° (B) 54°
(C) 126° (D) 48°

किसी समचतुर्भुज का परिमिति 40 सेमी है तथा उसके अगल-बगल का कोण क्रमशः 60° और 120° है तो उसका क्षेत्रफल होगा -

(A) $100\sqrt{3}\ cm^2$ (B) $50\sqrt{3}\ cm^2$

(C) $160\sqrt{3}\ cm^2$ (D) $100 cm^2$

9. दिए गए चित्रों में AT = 10 सेमी और AO = 6 सेमी हो तो त्रिज्या (OT) का मान ज्ञात करें, जबकि AT स्पर्श रेखा है।




(A) 5 सेमी (B) $5\sqrt{2}$ सेमी

(C) 8 सेमी (D) $8\sqrt{2}$ सेमी

10. दिय गये चित्र में ∠DBC का मान ात करें।




(A) 25° (B) 125°
(C) 155° (D) 158°

11. किसी समद्विबाहु त्रिभुज का शीर्ष कोण आधार पर बने कोण का आठ गुणा है। तो आधार पर बने कोण का मान ज्ञात करें।
(A) 18° (B) 24°
(C) 36° (D) 43°

12. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म समकोण-त्रिभुज के भुजा को निरूपित करता है।
(A) 2.4, 3.2, 4 (B) 4. 3, 4.4, 4.5
(C) 3.1, 4.2, 4.8 (D) उपरोक्त सभी

13. त्रिभुज ABC में ∠A = 60° और ∠B = 40° हो तो कौन-सी भुजा सबसे बड़ी होगी?

(A) $\overline{AC}$ (B) $\overline{AB}$

(C) $\overline{BC}$ (D) इनमें से कोई नहीं

14. त्रिभुज ABC में ∠A अधिक कोण है तो ∠B और ∠C का योग होगा -
(A) ∠B + ∠C = 90°
(B) ∠B + ∠C > 90°
(C) ∠B + ∠C < 90°
(D) इनमें से कोई नहीं

15. दिये गये चित्र में ∠CDB = $(8y + 8°)$, ∠BDA = $5y - 3°$ और ∠ADC = 70° है, तो ∠CDB और ∠BDA का मान ज्ञात करें।




(A) 48°, 22° (B) 45°, 25°
(C) 22°, 48° (D) 25°, 45°

16. दिये गये चित्र में यदि $\overline{EC}$ और $\overline{AD}$ वृत्त का व्यास हो तो ∠EPD + ∠BPA का मान ज्ञात करें।




(A) 150° (B) 160°
(C) 170° (D) 180°

17. किसी समचतुर्भुज ABCD में ∠A और ∠B का अनुपात 4 : 5 है तो ∠C का मान होगा -
(A) 50° (B) 45°
(C) 80° (D) 95°

18. किसी वर्ग के परिवृत्त और अंतः वृत्त के क्षेत्रफल का अनुपात होगा?

(A) 2 : 1 (B) $\sqrt{2}:1$

(C) $\sqrt{2}:\sqrt{3}$ (D) $\sqrt{3}:1$

19. किसी चतुर्भुज ABCD में विकर्ण एक-दूसरे को 90° पर काटती है, तो
(A) $AB^2 + BC^2 = CD^2 + DA^2$
(B) $AB^2 + CD^2 = BC^2 + DA^2$
(C) $AB^2 + AD^2 = BC^2 + CD^2$
(D) $AB^2 + BC^2 = 2(CD^2 + DA^2)$

20. ABCD एक चक्रीय चतुर्भुज है। यदि ∠BCD = 90°, ∠ABD = 65° है, तो ∠ADB का मान निकालें।




(A) 65° (B) 55°
(C) 35° (D) 25°

21. किसी बहुभुज के प्रत्येक आंतरिक कोणों का माप डिग्री में नहीं हो सकता है -
(A) 150° (B) 105°
(C) 108° (D) 144°

22. त्रिभुज Δ ABC में D, भुजा AC पर एक बिन्दु है। यदि P, Q, X, Y क्रमश: भुजा AB, BC, AD और DC के मध्य बिन्दु हो तो, PX और QY का अनुपात होगा
(A) 2 : 1 (B) 1 : 2
(C) 1 : 1 (D) 2 : 3

23. किसी त्रिभुज ABC में O अंत:केन्द्र हो तथा D कोई बिन्दु भुजा BC पर इस प्रकार हो कि OD ⊥ BC। यदि ∠BOD = 15° हो, तो ∠ABC का मान होगा-
(A) 75° (B) 45°
(C) 150° (D) 90°

24. AB किसी वृत्त की जीवा है तथा PAT स्पर्श रेखा जो वृत्त को बिन्दु A पर स्पर्श करती है। यदि ∠BAT = 75° और ∠BAC = 45° एवं C कोई बिन्दु वृत्त पर हो तो ∠ACB बराबर होगा -
(A) 40° (B) 45°
(C) 60° (D) 70°

25. दिये गये चित्र में ∠BAD तथा ∠BCP का मान होगा
(A) 70°, 110° (B) 70°, 40°
(C) 60°, 200° (D) 60°, 140°




26. किसी वृत्त में जीवा की लंबाई वृत्त के त्रिज्या के बराबर हो तो उसके वृहत चाप पर बना कोणों का माप होगा -
(A) 30° (B) 45°
(C) 60° (D) 90°

27. Δ ABC में AD कोण ∠A को अंत: समद्विभाजित करता हो, तथा BC रेखा के D बिन्दु पर मिलता हो तथा BD = 5 सेमी, BC = 7.5 सेमी हो तो, AB : AC होगा
(A) 2 :1 (B) 1 : 2
(C) 4 : 5 (D) 3 : 5

28. ΔABC में माध्यिका CD और BE एक-दूसरे को विनदु O पर प्रतिच्छेदित करती हो, तो ΔODE और ΔABC के क्षेत्रफल का अनुपात होगा -
(A) 1 : 6 (B) 6 : 1
(C) 1 : 12 (D) 12 : 1

29. यदि किसी वृत्त का व्यास 10 सेमी हो तथा समानांतर जीवा की लम्बाई 8 सेमी हो तो, उनके बीच की दूरी होगी
(A) 6 सेमी (B) 7 सेमी
(C) 8 सेमी (D) 5.5 सेमी

30. किसी ΔABC में PQ समानानतर BC हो तथा AP : PB = 1 : 2 और AQ = 3 सेमी हो तो AC की लम्बाई होगी -
(A) 6 सेमी (B) 9 सेमी
(C) 12 सेमी (D) 8 सेमी

31. किसी समबाहु त्रिभुज में अंत:वृत्त की त्रिजया की लम्बाई 3 सेमी हो, तो उसके प्रत्येक माध्यिका की लम्बाई क्या होगी?
(A) 12 सेमी (B) $\frac{9}{2}$ सेमी
(C) 4 सेमी (D) 9 cसेमी

32. O केन्द्र वाली कोई वृत्त है जिसकी त्रिज्या 4 सेमी है। PR कोई स्पर्श रेखा है जो वृत्त को Q बिन्दु पर स्पर्श करता है। अगर ∠POR = 90°, OR = 5 सेमी और OP = $\frac{20}{3}$ सेमी हो तो, PR की लम्बाई ज्ञात करें।

(A) 3 सेमी (B) $\frac{16}{3}$ सेमी

(C) $\frac{23}{3}$ सेमी (D) $\frac{25}{3}$ सेमी

33. यदि AB वृत्त का व्यास हो, तो ∠CAB का मान क्या होगा?




(A) 40° (B) 30°
(C) 20° (D) 10°

34. दिये गये चित्र में O वृत्त का केन्द्र है तथा ∠BOE = 50° हो तो ∠BCE का मान ज्ञात करें।




(A) 35° (B) 25°
(C) 15° (D) 5°

35. दिये गए चित्र में O वृत्त का केन्द्र है तो ∠AOC का मान ज्ञात करें।




(A) 70° (B) 140°
(C) 160° (D) 110°

36. किसी समानांतर चतुर्भुज के अगल-बगल के भुजा की लम्बाई क्रमश: 36 सेमी और 27 सेमी है। यदि छोटी भुजा के बीच की दूरी 12 सेमी हो तो बड़ी भुजा के बीच की दूरी ज्ञात करें।

(A) 10 सेमी (B) 12 सेमी
(C) 16 सेमी (D) 9 सेमी

37. ABCD कोई चक्रीय समलम्ब चतुर्भुज है, जिसमें AD || BC है तथा ∠ABC = 72° हो तो ∠BCD का मान ज्ञात करें।

(A) 162° (B) 18°
(C) 108° (D) 72°

38. यदि किसी दो वृत्त का चाप समान हो तथा वृत्त के केन्द्र पर क्रमश: 60° और 75° का कोण बनाता हो तो उनकी त्रिज्याओं का अनुपात होगा -

(A) 5 : 2 (B) 5 : 4
(C) 3 : 4 (D) 2 : 1

39. दो वृत्त जिसकी त्रिज्या क्रमश: 5 सेमी और 3 सेमी है तथा वह एक-दूसरे को दो बिन्दु पर काटते हैं, तो उभयनिष्ठ रेखाखंड की लम्बाई ज्ञात करें। (केन्द्र के बीच की दूरी 4 सेमी है)

(A) 8 सेमी (B) 4 सेमी
(C) 3 सेमी (D) 2 सेमी

40. दिए गए चित्र में, BC तथा AD दो संकेन्द्रीय वृत्तों की जीवा है तथा O वृत्त का केन्द्र है तो निम्न में से कौन सा कथन सही है?




(A) AB + CD = BC (B) AD = 2 BC

(C) AD = $\frac{3}{2}$ AC (D) AB = CD

41. दिये गये चित्र में, AB || DC और OD = 3, OB = $x-3$, AO = $3x-19$, OC = $x-5$ हो तो, $x$ मा मान होगा-(यदि यह समलम्ब चतुर्भुज है।)




(A) 5 (B) 6
(C) 7 (D) 8

42. दिये गये चित्र में $\Delta ACB \sim \Delta APQ$ (समरूप) हैं यदि BC = 8 सेमी, PQ = 4 सेमी, BA = 6.5 सेमी तथा AP = 2.8 सेमी हो तो CA और AQ का मान होगा -




(A) 3.25, 6.25 सेमी
(B) 5.6 cm, 3.25 सेमी
(C) 6.25, 5.6 सेमी
(D) 5 cm, 6 सेमी

43. त्रिभुज ABC में $\angle CAB = 90°$ और $AD \perp BC$, यदि AC = 75 सेमी, AB = 1 मी और BD = 1.25 मी हो तो AD होगा -
(A) 13.75 सेमी (B) 15 सेमी
(C) 75 सेमी (D) 93.75 सेमी

44. एक छड़ी जो ऊर्ध्वाधर रखी हुआ है जिसकी लम्बाई 12 मी और उसकी छयाया जमीन पर 8 मी तक पड़ती है। वहीं पर एक दूसरी छड़ी की छाया 40 मी जमीन पर पड़ती है, तो उसकी लम्बाई ज्ञात करें।
(A) 40 मी (B) 50 मी
(C) 60 मी (D) 70 मी

45. दिये गये चित्र में यदि $\angle A = \angle CED$ हो, तो $x$ का मान ज्ञात करें।




(A) 5 सेमी (B) 6 सेमी
(C) 7 सेमी (D) 8 सेमी

46. यदि $\Delta ABC$ और $\Delta PQR$ समरूप हो तथा माध्यिका AD और PS का अनुपात 4 : 9 हो तो $\Delta ABC$ और $\Delta PQR$ के क्षेत्रफल का अनुपात होगा -
(A) 16 : 81 (B) 2 : 3
(C) 12 : 27 (D) 81 : 16

47. यदि $\Delta ABC$ तथा $\Delta DEF$ समरूप हो तथा BC = 3 सेमी, EF = 4 सेमी हो और $\Delta ABC$ का क्षेत्रफल 54 सेमी$^2$ हो तो $\Delta DEF$ का क्षेत्रफल ज्ञात करें।
(A) 108 सेमी$^2$ (B) 80 सेमी$^2$
(C) 96 सेमी$^2$ (D) 100 सेमी$^2$

48. दिये गये चित्र में PO = 5 सेमी, QO = 7 सेमी और $\Delta POB$ का क्षेत्रफल 150 सेमी$^2$ हो, तो $\Delta QOA$ का क्षेत्रफल ज्ञात करें।




(A) 225 सेमी$^2$ (B) 450 सेमी$^2$
(C) 294 सेमी$^2$ (D) 300 सेमी$^2$

49. किसी $\Delta ABC$ में अगर D, E, F क्रमश: AD, BC और AC का मध्य बिन्दु हो, तो $\Delta DEF$ तथा $\Delta ABC$ के क्षेत्रफल का अनुपात होगा -
(A) 1 : 4 (B) 1 : 6
(C) 1 : 12 (D) 1 : 16

50. AB और CD किसी वृत्त की जीवा है जिसकी लम्बाई क्रमश: AB = 6 सेमी, CD = 12 सेमी और AB || CD. यदि AB और CD के बीच की दूरी 3 सेमी है, तो वृत्त की त्रिज्या की लम्बाई होगी -

(A) 9 सेमी (B) 8 सेमी

(C) 7 सेमी (D) 6.7 सेमी

51. दो संकेन्द्रीय वृत्त हैं जिसका केन्द्र O है। अगर A, B, C और D प्रतिच्छेदी रेखा $l$ पर कोई बिन्दु है। यदि AD = 12 सेमी और BC = 8 सेमी हो, तो AB और BD की लम्बाई होगी -

(A) 2 सेमी, 2 सेमी (B) 2 सेमी, 10 सेमी

(C) 10 सेमी, 10 सेमी (D) 5 सेमी, 5 सेमी

52. दो वृत्त जिसकी त्रिज्या क्रमश: 5 सेमी और 3 सेमी है तथा जिसका केन्द्र A और B है। एक-दूसरे को आंतरिक स्पर्श करती है। एक रेखा जो AB को समद्विभाजित करती है वृत्त पर क्रमश: P एवं Q बिन्दु पर मिलती है, तो PQ की लम्बाई ज्ञात करें

(A) $2\sqrt{6}$ सेमी (B) $4\sqrt{6}$ सेमी

(C) $\sqrt{6}$ सेमी (D) $\sqrt{8}$ सेमी

53. दो वृत्त जिसकी त्रिजया 10 सेमी और 8 सेमी है एक-दूसरे को दो बिन्दु पर प्रतिच्छेदित करती है। अगर उभयनिष्ठ जीवा की लम्बाई 12 सेमी हो, तो उसके केन्द्र के बीच की दूरी ज्ञात करें।

(A) 6 सेमी (B) 12 सेमी

(C) 13.29 सेमी (D) 15 सेमी

54. चित्र में O वृत्त का केन्द्र है तथा ∠AOC = 100° है, तो ∠ADC और ∠ABC का मान ज्ञात करें।




(A) 130°, 50° (B) 50°, 130°

(C) 100°, 80° (D) 80°, 100°

55. O केन्द्र वाली कोई वृत्त है जिसके लघु चाप AB पर कोई बिन्दु C है तथा दिया गया है कि ∠ACB = $x°$ और ∠AOB = $y°$ तो $y$ को $x$ के रूप में व्यक्त करें तथा $x$ का मान ज्ञात करें यदि ABCO कोई समानान्तर चतुर्भुज हो।

(A) 180 – $x°$, 120° (B) 360 – 2$x°$, 240°

(C) 360 – 2$x°$, 120° (D) 180 – $x°$, 240°

56. चित्र में AB वृत्त का व्यास है तथा ∠PAB = 40° है तो ∠PCA का मान ज्ञात करें।




(A) 60° (B) 80°

(C) 100° (D) 50°

57.




दिये गये चित्र में दो वृत्त जिसका केन्द्र O और O′ है, एक-दूसरे को B तथा C पर प्रतिच्छेदित करते हैं, ACD एक सीधी सरल रेखा है, तो $x$ का मान होगा–

(A) 100° (B) 110°

(C) 120° (D) 130°

58. चित्र में AB अर्द्धवृत्त का व्यास है तथा ∠BAD = 70° और ∠DBC = 30° है, तो ∠ABD क्या होगा?




(A) 20° (B) 40°

(C) 35° (D) 65°

59. दिये गये चित्र में O वृत्त का केन्द्र है तथा $\angle DAB = 50°$ है तो $x$ और $y$ का मान होगा।




(A) 100°, 130° (B) 130°, 100°
(C) 80°, 120° (D) 120°, 80°

60. दिये गये चित्र में $\angle BAC = 60°$ और $\angle BCA = 20°$ हो, तो $\angle ADC$ होगा -




(A) 50° (B) 60°
(C) 70° (D) 80°

61. यदि किसी बहुभुज के बाह्य कोण 72° है तो उसकी भुजाओं की संख्या ज्ञात करें।
(A) 4 (B) 5
(C) 6 (D) 7

62.




उपरोक्त चित्र में यदि AB || CD हो, तो $\alpha + \beta + \gamma$ का मान होगा -
(A) 180° (B) 270°
(C) 360° (D) 90°

63. दिया है कि $\angle AOB = 75°$ और $\angle BOC = 105°$ तो निम्न में से कौन सा कथन सही है?
(A) $AB \perp OC$
(B) OC || OA
(C) O, C और A एक रेखा पर है
(D) इनमें से कोई नहीं

64. किसी समकोण त्रिभुज की भुजाओं की लम्बाई क्रमशः $x$, $x+1$ और $x-1$ हो, तो कर्ण की लम्बाई ज्ञात करें
(A) 5 (B) 4
(C) 1 (D) 0

65.




दिये गये चित्र में AD || BC हो तथा $\angle A$ और $\angle B$ का समद्विभाजक O बिन्दु पर मिलता हो, तो $\angle AOB$ का मान होगा -
(A) 105° (B) 90°
(C) 120° (D) 140°

66.




चित्र में O वृत्त का केन्द्र है OA = 3 सेमी, AC = 3 सेमी और $OM \perp AC$ हो, तो $\angle ABC$ = ?
(A) 60° (B) 45°
(C) 30° (D) इनमें से कोई नहीं

67. अगर ABCD कोई समानांतर चतुर्भुज हो तथा उसका विकर्ण AC और BD एक-दूसरे को बिन्दु O पर समद्विभाजित करता हो तथा $\angle DAC = 32°$ और $\angle AOB = 70°$ हो, तो $\angle DBC$ का मान होगा -
(A) 30° (B) 102°
(C) 38° (D) 48°

68. किसी त्रिभुज के प्रत्येक शीर्ष कोण से विपरीत भुजा के समानांतर एक रेखा खीचीं जाती है, तो नए त्रिभुज और प्रारंभिक त्रिभुज के परिमाप का अनुपात ज्ञात करें
(A) 3 : 2 (B) 4 : 1
(C) 2 : 1 (D) 2 : 3

69. यदि किसी त्रिभुज के आधार और ऊँचाई को आधा कर दिया जाये तो पुराने त्रिभुज और नई त्रिभुज के क्षेत्रफल का अनुपात होगा -

(A) 4 : 1 (B) 2 : 1
(C) 1 : 4 (D) इनमें से कोई नहीं

70. यदि त्रिभुज ABC में I अंतःकेन्द्र हो और ∠BIC = 135° हो, तो ΔABC होगा -
(A) न्यून कोण त्रिभुज (B) समबाहु त्रिभुज
(C) समकोण त्रिभुज (D) अधिक कोण त्रिभुज

71.



चित्र में ∠B = 38°, AC = BC और AD = CD है, तो ∠D क्या होगा?
(A) 26° (B) 28°
(C) 38° (D) 52°

72.



चित्र में LM || QR और LM ΔPQR को इस प्रकार विभाजित करती है कि LMRQ का क्षेत्रफल ΔPLM का दोगुना है, तो $\frac{PL}{PQ}$ होगा?
(A) $\frac{1}{\sqrt{2}}$ (B) $\frac{1}{\sqrt{3}}$
(C) $\frac{1}{2}$ (D) $\frac{1}{3}$

73. ABCD कोई समचतुर्भुज है, जिसकी भुजा AB = 4 सेमी और ∠ABC = 120° हो, तब विकर्ण BD की लम्बाई ज्ञात करें।
(A) 1 सेमी (B) 2 सेमी
(C) 3 सेमी (D) 4 सेमी

74. ABCD कोई चक्रीय समलम्ब चतुर्भुज है जिसकी भुजा AD और BC समानान्तर है, अगर ∠ABC = 72° हो, तो ∠BCD का मान होगा -
(A) 162° (B) 18°
(C) 108° (D) 72°

75. किसी समबाहु त्रिभुज के अंतः त्रिज्या की लम्बाई 3 सेमी है तो इसके प्रत्येक माध्यिका की लम्बाई ज्ञात करें।
(A) 12 सेमी (B) 9/2 सेमी
(C) 4 सेमी (D) 9 सेमी

76.



उपरोक्त चित्र में PQRS कोई आयत है जिसकी लम्बाई 8 सेमी और चौडाई 4 सेमी है यदि दोनों त्रिभुज समबाहु है तथा वृत्त की त्रिज्या 1 सेमी है, तो A B C D E F G H I J K L M N A की परिमाप ज्ञात करें।
(A) 47.87 सेमी (B) 38.84 सेमी
(C) 36.84 सेमी (D) 34.84 सेमी

77.



उपरोक्त चित्र में PR || AB, PQ || BC और QR || CA हो, तो AC एवं QR में संबंध है -
(A) $AC = \frac{1}{2}QR$ (B) $2\ AC^2 = QR^2$
(C) AC = BQ.QR (D) AC.QR = 1

78. किसी दो वृत्त की त्रिज्या की लम्बाई क्रमशः 15 सेमी और 20 सेमी है तथा इसके केन्द्र के बीच की दूरी 25 सेमी हो, तो उभयनिष्ठ स्पर्श रेखा की लम्बाई होगी -
(A) 24 सेमी (B) 25 सेमी
(C) 15 सेमी (D) 20 सेमी

79.




यदि AB व्यास हो तथा CA = 5 सेमी और त्रिज्या (OA) = 6.5 सेमी. हो तो $\Delta ABC$ का क्षेत्रफल होगा-

(A) 60 सेमी$^2$ (B) 30 सेमी$^2$
(C) 40 सेमी$^2$ (D) 52 सेमी$^2$

80. चित्र में $\angle QSR$ का मान होगा -




(A) 50° (B) 65°
(C) 70° (D) 75°

81. ABCD कोई समानांतर चतुर्भुज हो तथा ABEF एक आयत हो तथा EF रेखा CD पर हो तथा AB = 7 सेमी और BE = 6.5 सेमी हो तो समान्तर चतुर्भुज ABCD का क्षेत्रफल होगा

(A) 22.75 सेमी$^2$ (B) 11.375 सेमी$^2$
(C) 45.5 सेमी$^2$ (D) 45.0 सेमी$^2$

82.




दिये गये चित्र में यदि $\angle PQA = 20°$ और $\angle APQ = 120°$ हो, तो $\angle PAQ$ बराबर होगा -

(A) 120° (B) 40°
(C) 20° (D) 60°

83. चित्र में AB और CD दो जीवाएँ बिन्दु P पर मिलती है। यदि AB = 5 सेमी, PB = 3 सेमी और PD = 4 सेमी हो तो CD की लम्बाई ज्ञात करें।




(A) 4 सेमी (B) 3 सेमी
(C) 2.5 सेमी (D) 2 सेमी

84. निम्न चित्रों में PQ स्पर्श रेखा है तथा QOR वृत्त का व्यास है, यदि $\angle QPO = 35°$ हो, तब $\angle POR$ का मान होगा -




(A) 125° (B) 120°
(C) 70° (D) 115°

85. यदि O परिकेन्द्र हो $\Delta ABC$ का और $\angle OBC = 35°$ तब $\angle BAC$ है -

(A) 55° (B) 110°
(C) 70° (D) 35°

86.




उपरोक्त चित्र में AB || CD है। यदि $\angle DEC = x$ और $\angle ABE = y$, तो $\angle CEB$ बराबर है -

(A) $y - x$ (B) $\frac{(x+y)}{2}$

(C) $x + y - \left(\frac{\pi}{2}\right)$ (D) $x + y - \pi$

87. त्रिभुज $\Delta$ ABC, में D एवं E क्रमशः AB औरAC पर कोई विन्दु है। जबकि AD = $\frac{1}{3}$AB एवं AE = $\frac{1}{3}$AC. यदि BC = 15 सेमी० हो, तो DE का मान होगा।

(A) 10 सेमी (B) 8 सेमी
(C) 6 सेमी (D) 5 सेमी

88. त्रिभुज ABC में AD और BE कोई दो माध्यिकाएँ हैं जो एक-दूसरे को समकोण पर काटती है। जिस बिन्दु पर वह काटती है वह बिन्दु G हैं। यदि AD = 9 सेमी और BE = 6 सेमी हों तो, BD की लम्बाई होगी -

(A) 10 सेमी (B) 6 सेमी
(C) 5 सेमी (D) 3 सेमी

89. किसी सतह में दो बिन्दु A और B है तथा ∠APB = 90° है, तो बिन्दु पथ होगा

(A) रेखा AB (B) बिन्दु P

(C) वृत्त की परिधि जिसका व्यास AB है

(D) AB का लम्ब समद्विभाजक

90. दिये गये चित्र में AB || DC है तो ∠ADC का मान होगा :




(A) 70° (B) 60°

(C) 45° (D) 75°

91. किसी समकोण ABC में ∠B = 90° तथा ∠A का वाह्य समद्विभाजक CB को बनाए हुए किसी बिन्दु D पर मिलता है। यदि AB की लम्बाई 7 सेमी और AC = 25 सेमी हो तो DB की लम्बाई ज्ञात करें।

(A) $9\frac{1}{3}$ सेमी (B) 28 सेमी

(C) 25 सेमी (D) 24 सेमी

92. दिये गये चित्र में ∠ACD का मान होगा -




(A) $\frac{142^{\circ}}{3}$ (B) $\frac{71^{\circ}}{3}$

(C) 71° (D) 109°

93. त्रिभुज ABC में D, E और F बिन्दु क्रमशः AB, BC और CA रेखा पर है। यदि BD = BE और CE = CF हो तो ∠DEF का मान होगा यदि ∠A = 47° हो।

(A) 66.5° (B) 127°

(C) 47° (D) 133°

94. ABCD कोई समानान्तर चतुर्भुज है जिसमें BC = 10 सेमी और AB = 6 सेमी है। यदि ∠C को समद्विभाजित करने वाली रेखा BA पर T बिन्दु पर प्रतिच्छेदित करती हैं, तो AT की लम्बाई होगी -

(A) 6 सेमी (B) 4 सेमी

(C) 5 सेमी (D) 10 सेमी

95. त्रिभुज ABC में D कोई बिन्दु AB पर है जबकि ∠BCD = ∠BAC, AB = 32 सेमी, BD = 18 सेमी, AC = 25 सेमी है तो BD : BC होगा -

(A) 3 : 4 (B) 4 : 3

(C) 5 : 2 (D) 2 : 5

96. त्रिभुज ABC में ∠B समकोण है तथा D कोई बिन्दु AC पर है जबकि Δ ABD समबाहु त्रिभुज बन जाता है तथा E, AB का मध्य बिन्दु हो तो बिन्दु E से BD पर डाले गए लम्ब की लम्बाई क्या होगी जबकि AB = 9 सेमी तथा AC = 41 सेमी है।

(A) $\frac{90}{41}$ (B) $\frac{45}{41}$

(C) $\frac{41}{45}$ (D) $\frac{180}{41}$

97. ABCD कोई समलम्ब चतुर्भुज है जिसमें AB = 7 सेमी, BC = 8 सेमी, CD = 17 सेमी और AD = 6 सेमी हो तथा AB || CD। यदि DA तथा CB को F तक बढ़ाया जाए तो ∠DFC होगा -

(A) 60° (B) 30°

(C) 90° (D) 45°

98. ABCD कोई समलम्ब चतुर्भुज है जिनमें BC = 8 सेमी, CD = 10 सेमी तथा AD = 12 सेमी और AB = 16 सेमी है। यदि AB || DC हो तो ABC इसके विकर्ण के वर्गों का योग ज्ञात करें

(A) 208 (B) 320

(C) 528 (D) 428

99. $\Delta ABC$ का क्षेत्रफल 16 सेमी² तथा $XY || BC$ है। यदि $\frac{AX}{XB} = \frac{3}{5}$ तो $\Delta BXY$ का क्षेत्रफल ज्ञात करें।

(A) 2.75 सेमी (B) 3.75 सेमी
(C) 4.75 सेमी (D) 7.5 सेमी

100. छः छोटे वृत्त एक बड़े वृत्त के अंदर निहित है तथा बड़े वृत्त का त्रिज्या 32 सेमी है, तब छोटे-वृत्त की त्रिज्या ज्ञात करें।

(A) $\frac{16}{3}$ (B) $\frac{64}{3}$
(C) $\frac{32}{5}$ (D) $\frac{32}{3}$

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (C) | 2. | (C) | 3. | (B) | 4. | (D) | 5. | (B) | 6. | (C) | 7. | (C) |
| 8. | (B) | 9. | (C) | 10. | (C) | 11. | (A) | 12. | (A) | 13. | (B) | 14. | (C) |
| 15. | (A) | 16. | (B) | 17. | (C) | 18. | (A) | 19. | (B) | 20. | (D) | 21. | (B) |
| 22. | (C) | 23. | (C) | 24. | (C) | 25. | (D) | 26. | (A) | 27. | (A) | 28. | (C) |
| 29. | (A) | 30. | (B) | 31. | (D) | 32. | (A) | 33. | (C) | 34. | (B) | 35. | (B) |
| 36. | (D) | 37. | (D) | 38. | (B) | 39. | (B) | 40. | (D) | 41. | (D) | 42. | (B) |
| 43. | (D) | 44. | (C) | 45. | (B) | 46. | (A) | 47. | (C) | 48. | (C) | 49. | (A) |
| 50. | (D) | 51. | (B) | 52. | (B) | 53. | (C) | 54. | (B) | 55. | (C) | 56. | (D) |
| 57. | (D) | 58. | (A) | 59. | (A) | 60. | (D) | 61. | (B) | 62. | (C) | 63. | (C) |
| 64. | (A) | 65. | (B) | 66. | (C) | 67. | (C) | 68. | (C) | 69. | (A) | 70. | (C) |
| 71. | (B) | 72. | (B) | 73. | (D) | 74. | (D) | 75. | (D) | 76. | (B) | 77. | (A) |
| 78. | (A) | 79. | (B) | 80. | (B) | 81. | (C) | 82. | (B) | 83. | (D) | 84. | (A) |
| 85. | (A) | 86. | (D) | 87. | (D) | 88. | (C) | 89. | (C) | 90. | (B) | 91. | (A) |
| 92. | (A) | 93. | (A) | 94. | (B) | 95. | (A) | 96. | (D) | 97. | (C) | 98. | (C) |
| 99. | (B) | 100. | (D) | | | | | | | | | | |

# व्याख्या सहित उत्तर

1. (C) OS रेखा POQ पर है।

इसलिए,

$$\angle POS + \angle SOQ = 180^\circ$$
$$x + \angle SOQ = 180^\circ$$
$$\angle SOQ = 180^\circ - x$$
$$= 180^\circ - 2\angle POR$$

($\because$ OR कोण $\angle POS$ को समद्विभाजित करता है)

2. (C) चित्र में,

$$\angle SOT = \frac{1}{2} \times \angle SOQ$$
$$= \frac{1}{2} \times (180^\circ - x)$$
$$= 90^\circ - \frac{x}{2}$$
$$\angle ROT = \angle ROS + \angle SOT$$
$$= \frac{x}{2} + 90^\circ - \frac{x}{2} = 90^\circ$$

3. (B) $\frac{AD}{DB} = \frac{AE}{EC} \Rightarrow \frac{AE}{AC - AE} = \frac{AD}{DB}$

$\frac{AD}{DB} = \frac{AE}{EC} \Rightarrow \frac{AE}{AC - AE} = \frac{AD}{DB}$

$\Rightarrow \quad \frac{3}{5} = \frac{AE}{(5.6 - AE)}$

$\Rightarrow \quad$ AE = 2.1 सेमी

4. (D) $\Delta$ ABC में AD कोण $\angle A$ को समद्विभाजित करता है।

$\therefore \quad \frac{BD}{DC} = \frac{AB}{AC}$

$\Rightarrow \quad \frac{4}{3} = \frac{6}{AC}$

$\Rightarrow \quad$ AC = 4.5 सेमी

5. (B)




दिया है Y : Z = 3 : 7

चूँकि प्रतिच्छेदी रेखा P समांतर रेखा को काटती है।

$\Rightarrow$ Y और Z रेखीय युग्म हैं।

$\angle Y + \angle Z = 180^\circ$ (रेखीय युग्म)

$3\alpha + 7\alpha = 180^\circ$

$\alpha = 18^\circ$

इसलिए,

$\angle y = 3 \times 18 = 54^\circ$

$\angle x = 7 \times 18 \Rightarrow 126^\circ$

$\angle z = 7 \times 18 \Rightarrow 126^\circ$

6. (C)




एक रेखा QO | | ST खींचा

तो, $\angle RQO = 180^\circ - 110^\circ = 70^\circ$

$\angle ROI = 130^\circ$ (सम्मुख कोण)

इसलिए,

$\angle ROQ = 180^\circ - 130^\circ = 50^\circ$

अब, $\Delta$QPO में

$\angle RQO + \angle ROQ + \angle QRS = 180^\circ$

$\angle QRS = 180^\circ - (70^\circ + 50^\circ)$

$= 180^\circ - 120^\circ = 60^\circ$

7.(C)




$\angle POY = 90°$
$\angle a + \angle b = 90°$
$a : b = 2 : 3$

इसलिए,
$a + b = 90°$
$2x + 3x = 90°$
$\therefore \quad x = 18°$
$\angle a = 2 \times 18 = 36°$
$\angle b = 3 \times 18 = 54°$

8. (B)




चूँकि ABCD समलम्ब चतुर्भुज है।
$\because \quad 4a = 40$ सेमी
$a = 10$ सेमी
समलम्ब चतुर्भुज का क्षेत्रफल $= a^2 \sin 60°$
$\Rightarrow \quad = (10)^2 \times \frac{\sqrt{3}}{2}$
$= 50\sqrt{3}$ सेमी²

9.(C) चूंकि AT स्पर्श रेखा है
इसलिए,
$\angle ATO = 90°$
$\therefore \quad OT^2 = AT^2 - AO^2$
$= (10)^2 - (6)^2 = 64$
$OT = 8$ सेमी

10.(C) निम्नलिखित चित्र में
$\angle DBA = \angle BDC + \angle DCB$
(आंतरिक कोणों का योग बाह्य कोण के बराबर होता है।)
$\Rightarrow 2x^2 + 2x + 1 = x^2 + 1 + 3x + 6$
$\Rightarrow \quad x^2 - x - 6 = 0$
$\Rightarrow (x - 3)(x + 2) = 0$
$\therefore \quad x = 3, -2$
$\therefore \quad x \neq -2, x = 3$
अब $\Delta$ DBC में,
$x^2 + 1 + 3x + 6 + \angle DBC = 180°$
$\angle DBC = 180° - 25°$
$\Rightarrow 155°$

11.(A) माना कि आधार पर का कोण $x$ तथा शीर्ष पर का कोण $8x$ है।
तो, $\quad x + x + 8x = 180°$
$\Rightarrow \quad x - \frac{180°}{10} \quad x = 18°$

दूसरी विधि :




माना कि समद्विबाहु त्रिभुज का शीर्ष कोण $= x°$
और AB = AC
इसलिए, $\quad \angle ABC = \angle ACB = \frac{x°}{8}$
$\Rightarrow x° + \frac{x°}{8} + \frac{x°}{8} = 180$
$\Rightarrow \quad 10x° = 180° \times 8$
$\therefore \quad x° = 144°$
$\frac{x}{8} = \frac{144}{8} = 18°$

12.(A) पाईथोगोरस प्रमेय से,
$(D)^2 = (3.2)^2 + (2.4)^2$
$16 = 10.24 + 5.76$
$= 16.0$ (True)

13.(B)




$\angle C \quad = 180° - (60° + 40°)$
$= 80°$
इसलिए AB बड़ी भुजा होगी। चूँकि बड़ी कोण के सामने की भुजा बड़ी होती है।

14. (C) $\because \angle A$ अधिक कोण है

इसलिए,

$\angle A + \angle B + \angle C = 180°$

$\angle B + \angle C < 90°$




15. (A) $\angle CDB = 8y + 8°$

$\angle BDA = 5y - 3°$

$\angle ADC = 70°$

इसलिए, $8y + 8° + 5y - 3° = 70°$

$13°y + 5° = 70°$

$y = 5°$

$\angle CDB = 8 \times 5 + 8 = 48°$

$\angle BDA = 5 \times 5 - 3 = 22°$




16. (B) $\angle EPD = 180° - 45° = 135°$

और $\angle BPA = 180° - (110° + 45°)$

$= 25°$

इसलिए,

$\angle EPD + \angle BPA = 135° + 25°$

$= 160°$




17. (C) $\angle A : \angle B = 4 : 5$

समचतुर्भुज के अगल-बगल के कोणों का योग 180° होता है।

इसलिए,

$4x + 5x = 180°$

$x = \frac{180°}{9} = 20°$

$\angle B = 5 \times 20° = 1000°$

$\angle C = 4 \times 20°$

$= 80°$

18. (A) माना कि वर्ग की भुजा की लम्बाई = $a$ सेमी

वर्ग की परिवृत्त की त्रिज्या = $\frac{a\sqrt{2}}{2}$

($\because a\sqrt{2}$ = विकर्ण)




वर्ग के अंतर के वृत्त की त्रिज्या = $\frac{a}{2}$

$$\frac{\text{परिवृत्त की त्रिज्या}}{\text{अंतःवृत्त की त्रिज्या}} = \frac{\pi\left(\frac{a\sqrt{2}}{2}\right)^2}{\pi\left(\frac{a}{2}\right)^2}$$

$\Rightarrow 2 : 1$

19. (B) चूंकि प्रश्न से चतुर्भुज की विकर्ण एक-दूसरे को समकोण पर काटती है। तो



$AB^2 = AO^2 + BO^2$ ...(i)

$BC^2 = BO^2 + CO^2$ ...(ii)

$CD^2 = DO^2 + CO^2$ ...(iii)

$AD^2 = AO^2 + OD^2$ ...(iv)

समीकरण *(i)* और *(iii)* जोड़ने पर

$AB^2 + CD^2 = AO^2 + BO^2 + DO^2 + CO^2$ ...(v)

समीकरण *(ii)* और *(iv)* जोड़ने पर

$BC^2 + AD^2 = BO^2 + CO^2 + AD^2 + OD^2$ ...(vi)

समीकरण *(v)* और *(vi)* से

$AB^2 + CD^2 = BC^2 + AD^2$

20. (D) यदि $\angle BCD = 90°$

इसलिए, BD वृत्त का व्यास होगा तथा

$\angle DAB = 90°$

$\therefore$ $\Delta ADB$ में

$\Rightarrow$ $\angle ADB + 90° + 65° = 180°$

$\angle ADB = 180° - 155° = 25°$




21. (B) प्रत्येक आंतरिक कोण $= 180° - \dfrac{360°}{n}$

$= \angle I$ (say)

$180° - \angle I = \dfrac{360°}{n}$

अतः $180° - \angle I$ निश्चित रूप से 360° को विभाजित करने वाला होगा।

$\because$ $180° - 105° = 75°$ जो 360° को विभाजित नहीं करता है।

**दूसरी विधिः**

बहुभुज का आंतरिक कोण $= \left(\dfrac{n-2}{n}\right)180°$

(A) $150 = \left(\dfrac{n-2}{n}\right)180°$

$15n = 18n - 36$

$\therefore 3n = 36° \ \therefore n = 12$ (सत्य)

(B) $105 = \left(\dfrac{n-2}{n}\right)180°$

$7n = 12n - 24$

$5n = 24$

$\therefore \quad n = \dfrac{24}{5}$ (असत्य)

(C) $108 = \left(\dfrac{n-2}{n}\right)180°$

$3n = 5n - 10$

$\therefore \quad n = \dfrac{10}{2} = 5$ (सत्य)

(D) $144 = \left(\dfrac{n-2}{n}\right)180°$

$4n = 5n - 10$

$\therefore \quad n = 10$ (सत्य)

22. (C) त्रिभुज ABC में D कोई बिन्दु AC पर है।

P बिन्दु AB के मध्य में स्थित है।

Q बिन्दु BC के मध्य में स्थित है।

$x$ बिन्दु AD के मध्य में स्थित है।

$y$ ब्रिन्दु DC के मध्य में स्थित है।

एक रेखा PQ खींचा

$PQ = \dfrac{1}{2}AC$

$AD = Ax + xD$

और $CD = Cy + yD$

$xy = xD + Dy$

$= \dfrac{1}{2}AC = PQ$

इसलिए, $\dfrac{Px}{Qy} = 1 : 1$

23. (C) प्रश्नानुसार,

दिया हुआ है कि O अंतः केन्द्र है।

$OD \perp BC$

और $\angle BOD = 15°$, $\angle ODB = 90°$ (दिया है)




$\Delta$OBD में,

$\angle OBD = 180° - (15°+90°) = 75°$

$\angle ABC = 2\ \angle OBD$

$\angle$OBD (OB कोण समद्विभाजक है और त्रिभुज के अंतकेन्द्र O पर मिलते हैं।)

$\angle ABC = 2 \times 75° = 150°$

24. (C) दिये गये चित्र में PAT एक स्पर्श रेखा है तथा स्पर्श बिन्दु A है।




$\angle BAT = 75°$ (दिया है)

$\angle BAC = 45°$ (दिया है)

$\angle BCA = 75°$

(एकान्तर खण्ड का कोण समान होता है)

अब $\Delta$ABC में,

$\angle ABC = 180° - (45° + 75°)$

$= 180° - 120°$

$\angle ABC = 60°$

25. (A)




$$\angle BAD = \frac{\angle BOD}{2} = \frac{140}{2} = 70°$$

ABCD एक चक्रीय चतुर्भुज है।

इसलिए

$\angle BAD + \angle BCD = 180°$

$\angle BCD = 180° - 70°$

$\Rightarrow 110°$

$\therefore \quad \angle BCD = 110°$

26. (A) DC वृत्त की त्रिज्या है और

DC = AO = OB (दिया है)







अब DO एवं CO वृत्त का त्रिज्या खींचा

इसलिए, $\Delta$ODC एक समबाहु त्रिभुज है।

$\therefore \quad \angle DOC = 60°$

तब $\quad \angle DXC = \frac{60}{2} = 30°$

(दीर्घ परिधि पर का कोण)

27. (A) DC = 7.5 − 5 = 2.5 सेमी




इसलिए $\frac{AB}{BD} = \frac{AC}{DC}$

(कोण समद्विभाजक परिमेय से)

$$\frac{AB}{AC} = \frac{5}{2.5}$$

$$\frac{AB}{AC} = \frac{2}{1}$$

AB : AC = 2 : 1

28. (C) किसी त्रिभुज की माध्यिका एक-दूसरे को 2 : 1 के अनुपात में काटती है।




इसलिए $BO = 2x$

और $OE = x$

$$\Delta ABC \text{ का क्षेत्रफल } = \frac{1}{2} BC \times 3x$$

$$\Delta BOC \text{ का क्षेत्रफल } = \frac{1}{2} \times BC \times x$$

ΔABC का क्षेत्रफल : ΔBOC का क्षेत्रफल

$= 3x : x = 3 : 1$

अब ΔDOE और ΔBOC में,

$$\Delta DOE \sim \Delta BOC$$

$$\therefore \frac{\Delta DOE \text{ का क्षेत्रफल}}{\Delta BOC \text{ का क्षेत्रफल}} = \frac{x^2}{4x^2} = \frac{1}{4}$$

इसलिए

$\because \Delta ABC : \Delta ODE = 1 : 4 \times 3$

$= 1 : 12$

29. (A)




दो समानान्तर रेखा के बीच की दूरी

$xy = xO + Oy$

$xO = Oy$ = (समान जीवा के बीच की दूरी केन्द्र से समान होता है)

$$Dx = Ey = \frac{8}{2} = 4 \text{ सेमी}$$

OD वृत्त की त्रिज्या है।

तो ΔODX में

$$OD^2 = Ox^2 + Dx^2$$

$$(5)^2 = Ox^2 + (4)^2$$

$$\Rightarrow Ox^2 = 9$$

$Ox = 3$ तब $xy = 3 + 3 = 6$ सेमी

30. (B) $AP : PB = 1 : 2$

If $AQ = 3$ सेमी

तब $QC = 3 \times 2 = 6$ सेमी

$AC = 3 + 6 = 9$ सेमी

31. (D)




चूंकि O अन्तःकेन्द्र है ΔABC का

$\because$ OD = 3 सेमी

AD समबाहु त्रिभुज का माध्यिका है।

$\therefore AD = AO + OD = 2OD + OD$

$\Rightarrow 3\ OD = 3 \times 3 = 9$ सेमी

$\therefore AD = 9$ सेमी

32. (D) दिया है कि $OP = \frac{20}{3}$ सेमी

OQ = 4 सेमी (त्रिज्या)

OR = 5 सेमी

$$(\Delta POR) \text{ का क्षे.} = \frac{1}{2} \times \frac{20}{3} \times 5$$

$(\because \angle POR = 90°)$ ...(i)

$$\Delta POR \text{ का क्षे.} = \frac{1}{2} \times PR \times 4$$

(Q बिन्दु पर 90° का कोण है।) ...(ii)

समीकरण (i) एवं (ii)

$$\frac{1}{2} \times \frac{20}{3} \times 5 = \frac{1}{2} \times PR \times 4$$

$\Rightarrow \quad PR = \frac{25}{3}$ सेमी




∵ PR स्पर्श रेखा है, तो $\angle PQO = \angle RQO = 90°$

$\Delta PQO$ में,

$$(PQ)^2 = (PO)^2 + (OQ)^2$$
$$= \left(\frac{20}{3}\right)^2 - (4)^2$$
$$\Rightarrow \frac{400}{9} - 16 = \frac{256}{9}$$
$$PQ \Rightarrow \frac{16}{3} \text{ सेमी}$$

$\Delta OQR$ में,

$$(QR)^2 = (OR)^2 - (OQ)^2$$
$$= (5)^2 - (D)^2 \Rightarrow 25 - 16$$
$$\Rightarrow 9$$
$$QR = 3 \text{ cm}$$
$$PR = PQ + QR = \frac{16}{3} + 3$$
$$\Rightarrow \frac{25}{3} \text{ सेमी}$$

33. (C)




यदि AB वृत्त का व्यास हो तो $\angle ACB = 90°$

इसलिए ABCD एक चक्रीय चतुर्भुज है।

तो, $\angle ADC + \angle ABC = 180°$

$\angle ABC = 70°$

$\Delta ABC$ में

$\angle ABC + \angle ACB + x = 180°$

$x = 180° - (90 + 70)$

$x = 20°$

34. (B)




$\angle BOE = 50°$ (केन्द्र पर का कोण)

$\angle BCE = \frac{50°}{2} = 25°$

(∵ BE समान आधार है।)

$\therefore \angle BCE = 25°$

दूसरी विधि :

दिया है कि $\angle BOE = 50°$

CE वृत्त का व्यास है।

$\angle COB = 180 - 50 = 130°$

OC और OB वृत्त की त्रिज्या हैं।

तब, $\angle OCB = \angle OBC = \frac{50}{2} = 25°$

35. (B)




माना कि $\angle ABC = \theta$

$\therefore \angle AOC = 2\theta$ (केन्द्र पर का कोण)

$\Delta ABC$ में

$\theta + 2x + 70° = 180°$ ...*(i)*

In $\Delta AOC$

$20 + 2x = 180°$ ...*(ii)*

समीकरण *(i)* एवं *(ii)* से

$\theta + 70° = 2\theta$

$70° = \theta$

$\Rightarrow \angle AOC = 2\theta$

$= 2 \times 70 = 140°$

दूसरी विधि :

AC कोई जीवा खींचे

AO = OC (वृत्त की त्रिज्या)

इसलिए, $\angle OAC = \angle OCA$

$\Rightarrow \angle AOC = 180 - 2x$

$\Rightarrow \angle ABC = \frac{180 - 2x}{2} = 90 - x^{\circ}$

$\Delta ABC$ में

$\Rightarrow (30^{\circ}+x) + (40^{\circ} + x) + 90 - x^{\circ} = 180^{\circ}$

$x = 180^{\circ} - 160^{\circ}$

$x = 20^{\circ}$

$\Rightarrow \angle AOC = 180 - 2x$

$\therefore \quad = 180 - 2 \times 20$

$= 180 - 40$

$\angle AOC = 140$

36. (D) BC और CD अगल-बगल की भुजा है।

BC = 27 सेमी, DC = 36 सेमी




अब $\Delta ADC$ का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2} \times 36 \times h_2$

और $\Delta ABC$ का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2} \times 27 \times 12$

अब समांतर चतुर्भुज का क्षेत्रफल

$= 2 \times \Delta ADC$ का क्षे. $= 2 \times \Delta ABC$ का क्षे.

इसलिए, $2 \times \frac{1}{2} \times 36 \times h_2 = 2 \times \frac{1}{2} \times 27 \times 12$

$h_2 = 9$ सेमी

37. (D)




ABCD चक्रीय समलम्ब चतुर्भुज है।

$\therefore \quad \angle ABC = 72^{\circ}$

इसलिए, $\angle ADC = 180^{\circ} - 72^{\circ} = 108^{\circ}$

और $\angle ADC + \angle BCD = 180^{\circ}$

$\therefore \quad \angle BCD = 180^{\circ} - 108^{\circ}$ $(\because AD || BC)$

$= 72^{\circ}$

38. (B)




चूंकि प्रथम वृत्त की त्रिज्या $r_1$ तथा दूसरे वृत्त की त्रिज्या $r_2$ है। तथा चाप $l_1 = l_1$

और $\theta_1 = 60^{\circ}, \theta_2 = 75^{\circ}$

$\because \quad l_1 = 2\pi r_1 \times \frac{\theta_1}{360^{\circ}}$

$\Rightarrow 2\pi r_1 \times \frac{60}{360^{\circ}} = \frac{\pi r_1}{3}$ ...(i)

$\because \quad l_2 = 2\pi r_2 \times \frac{\theta_2}{360^{\circ}}$

$\Rightarrow 2\pi r_1 \times \frac{75}{360^{\circ}} = \frac{5\pi r_2}{12}$ ...(ii)

$\because \quad l_1 = l_2$

$\therefore \quad \frac{\pi r_1}{3} = \frac{5\pi r_2}{12} \Rightarrow \frac{r_1}{r_2} = \frac{5}{4}$

39. (B)




दिया हुआ है

$\because$ AD = 5 सेमी० वृत्त की त्रिज्या

BC = 3 सेमी० दूसरे वृत्त की त्रिज्या

AB = 4 सेमी० वृत्त के केन्द्रों के बीच की दूरी

$\therefore$ AC = AB – BC = 1सेमी०

BD = AD – AB = 5 – 4 = 1सेमी०

$\therefore$ उभयनिष्ठ रेखा खंड CD = BC + BD

= 3सेमी० + 1सेमी०

= 4सेमी०

40. (D) OX लम्ब AD पर खींचा




इसलिए, AD $= AB + Bx + Cx + CD$

$\because \quad Ax = xD$

$AB + Bx = xC + CD \quad (Bx = Cx)$

$\therefore \quad AB = CD$

41. (D) चूंकि समलम्ब चतुर्भुज का विकर्ण एक-दूसरे को समानुपातिक रूप से विभाजित करती है।

$$\therefore \quad \frac{AO}{OC} = \frac{BO}{OD}$$

$$\Rightarrow \quad \frac{3x-19}{x-5} = \frac{x-3}{3}$$

$$\Rightarrow \quad 3(3x-19) = (x-5)(x-3)$$

$$\Rightarrow x^2 - 17x + 72 = 0$$

$$\Rightarrow (x-8)(x-9) = 0$$

$$\therefore \quad x = 8, 9$$

42. (B) दिया है $\Delta ACB \sim \Delta APQ$

$$\therefore \quad \frac{AC}{AP} = \frac{CB}{PQ} = \frac{AB}{AQ}$$

$$\Rightarrow \quad \frac{AC}{AP} = \frac{CB}{PQ} \text{ और } \frac{CB}{PQ} = \frac{AB}{AQ}$$

$$\frac{AC}{2.8} = \frac{8}{4} \text{ और } \frac{8}{4} = \frac{6.5}{AQ}$$

$AC = 2 \times 2.8 = 5.6$ सेमी

$AQ = \frac{6.5}{2} = 3.25$ सेमी

43. (D)




चूंकि AB = 100 सेमी, AC = 75 सेमी और BD = 125 सेमी

$\Delta BAC$ और $\Delta BDA$ में

$\angle BAC = \angle BDA = 90°$

$\angle B = \angle B$ (उभयनिष्ठ)

$\therefore \quad \Delta BAC \sim \Delta BDA$ (समरूप हैं A-A के द्वारा)

$$\frac{BA}{BD} = \frac{AC}{AD} \Rightarrow \frac{100}{125} = \frac{75}{AD}$$

$$\therefore \quad AD \Rightarrow \frac{125 \times 75}{100} = 93.75 \text{ सेमी}$$

44. (C)




$\therefore \quad \Delta ABC \sim \Delta DEF$

$$\therefore \quad \frac{AB}{DE} = \frac{AC}{DF} \Rightarrow \frac{12}{x} = \frac{8}{40}$$

$$x = \frac{12 \times 40}{8} = 60 \text{ सेमी}$$

45. (B) $\Delta CAB$ और $\Delta CED$ में

$\angle A = \angle CED$ और $\angle C = \angle C$

$\therefore \quad \Delta CAB \sim \Delta CED$ (समरूप है)

$$\therefore \quad \frac{CA}{CE} = \frac{AB}{DE}$$

$$\Rightarrow \quad \frac{9}{x} = \frac{15}{10} \quad \therefore x = \frac{9 \times 10}{15} = 6$$

46. (A) $\because \Delta ABC \sim \Delta PQR$

$$\therefore \quad \frac{\Delta ABC \text{ का क्षेत्रफल}}{\Delta PQR \text{ का क्षेत्रफल}} = \frac{AD^2}{PS^2}$$

$$= \frac{4^2}{9^2} = \frac{16}{81} \Rightarrow 16 : 81$$

47. (C) $\frac{\Delta ABC \text{ का क्षेत्रफल}}{\Delta DEF \text{ का क्षेत्रफल}} = \frac{BC^2}{EF^2}$

$$\frac{54}{\Delta DEF \text{ का क्षेत्रफल}} = \frac{3^2}{4^2} = \frac{9}{16}$$

$$\Rightarrow \text{क्षेत्रफल } (\Delta DEF) = \frac{54 \times 16}{9} = 96 \text{ सेमी}^2$$

48. (C)




$\Delta OAQ$ और $\Delta OBP$ में

$\angle A = \angle B = 90°$

$\angle AOQ = \angle BOQ$ (शीर्षाभिमुख कोण)

$\therefore \quad \Delta AOQ \sim \Delta BOP$

$\Rightarrow \dfrac{\Delta AOQ \text{ का क्षेत्रफल}}{\Delta BOP \text{ का क्षेत्रफल}} = \dfrac{OQ^2}{OP^2}$

$\Rightarrow \dfrac{\Delta AOQ \text{ का क्षेत्रफल}}{150} = \dfrac{7^2}{5^2} = \dfrac{49}{25}$

$\therefore \quad \Delta AOQ$ का क्षेत्रफल $= \dfrac{49}{25} \times 150$

$= 294$ सेमी$^2$

49. (A)




$\Delta DEF$ और $\Delta ABC$ में $\angle D = \angle A$

$\Delta DEF \sim \Delta ABC \quad \angle E = \angle B$

$\Rightarrow \dfrac{\Delta DEF \text{ का क्षेत्रफल}}{\Delta ABC \text{ का क्षेत्रफल}} = \dfrac{DE^2}{AB^2}$

$\Rightarrow \dfrac{\left(\frac{1}{2}AB\right)^2}{AB^2} \quad \left(\because DE = \frac{1}{2}AB\right)$

$\Rightarrow \Delta DEF$ का क्षे. : $\Delta ABC$ का क्षे. $= 1 : 4$

50. (D)




समकोण $\Delta OAP$ में और $OCQ$ में

$PQ = 3$ सेमी, $OQ = x$ सेमी

$\therefore \quad OP = (x + 3)$ सेमी

$\Rightarrow \quad (OA)^2 = (OP)^2 + AP^2$

और $OC^2 = OQ^2 + CQ^2$

$r^2 = (x + 3)^2 + 3^2 \quad ...(i)$

और $\quad r^2 = x^2 + 6^2 \quad ...(ii)$

$(\because AP = \frac{1}{2}AB = 3$ सेमी और $CQ = \frac{1}{2}CD = 6$ सेमी$)$

समीकरण *(i)* और *(ii)* से

$\Rightarrow \quad (x + 3)^2 + 3^2 = x^2 + 6^2$

